जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा
(परीक्षा विभाग)

प्रेषक :-

डॉ0 दिलीप कुमार
परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
सभी अंगीभूत एवं संम्बद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छपरा / सीवान / गोपालगंज।
विभागाध्यक्ष,
सभी स्नातकोत्तर विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा

विषय :- स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर सत्र– 2020-2022 परीक्षा 2021 के परीक्षा प्रपत्र भरने के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर सत्र–**2020-2022** परीक्षा **2021** के परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई है।

परीक्षा प्रपत्र भरने एवं शुल्क का भुगतान करने हेतु तिथि का निर्धारण निम्नरूपेण किया गया है:

1.	परीक्षा प्रपत्र भरने एवं शुल्क भुगतान ऑनलाईन करने के उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा प्रपत्र विभाग / महाविद्यालय में जमा करने की तिथि:–	**13.04.2024 से 20.04.2024**
2	परीक्षा प्रपत्र विलंब शुल्क 200 रू के साथ विभाग / महाविद्यालय में जमा करने की तिथि:–	**21.04.2024 से 24.04.2024**
3	महाविद्यालय / विभाग के द्वारा सत्यापित परीक्षा प्रपत्र एवं विवरणी विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि	**26.04.2024**
4.	परीक्षा शुल्क तृतीय सेमेस्टर परीक्षा **2021** के मद हेतु निर्धारित शुल्क सैद्वान्तिक विषयों के लिए रू0 700 / –एवं प्रायोगिक विषयों के लिए रू0 900 / –	

महत्वपूर्ण निर्देश :-

छात्र परीक्षा प्रपत्र को वेबसाईट jpv.ac.in पर दिए गए Menu पर Click कर Student Corner पर जाए एवं P.G. Examination form पर Click करें एवं परीक्षा प्रपत्र पर **online** भरकर निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑनलाईन ही करेगें उसके बाद प्रिन्टआउट परीक्षा फॉर्म के साथ संबंधित कागजातों को संलग्न कर महाविद्यालयों / विभागों में सत्यापित कराकर उपलब्ध कराये गये **शपथ पत्र के साथ** जमा करेंगें। स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 2021 के साथ स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष परीक्षा के अंक–पत्र, प्रवेश–पत्र, पंजीयन प्रमाण–पत्र इत्यादि कागजात की छायाप्रति विभागाध्यक्ष अथवा प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अतिआवश्यक है। परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण के पूर्व विभागाध्यक्ष / प्राचार्य अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अपने स्तर से आश्वस्त हो ले कि परीक्षा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियॉ सही सही भरी हो। **एवं जिन छात्रों के द्वारा पूर्व में परीक्षा प्रपत्र भरकर शुल्क का भुगतान किया जा चुका है वे पुनः परीक्षा प्रपत्र भरकर Payment ID के साथ विभाग / महाविद्यालय में जमा करें**

परीक्षा प्रपत्र में विश्वविद्यालय पंजीयन संख्या अंकित करना तथा पंजीयन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति विभागाध्यक्ष / प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अति आवश्यक है। केवल पंजीकृत छात्रों का ही परीक्षा प्रपत्र भरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। विना पंजीकृत छात्रों के परीक्षा प्रपत्र यदि सत्यापित या अग्रसारित की जाती है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्राचार्य एवं सत्यापन पदाधिकारी की होगी। बिना पंजीयन संख्या एवं पंजीयन प्रमाण–पत्र के परीक्षा प्रपत्र न ही स्वीकार किया जाऐगा तथा परीक्षा प्रपत्र रद्द माना जायेगा। किसी भी परिस्थिति में अधुरा परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नही किये जाऐगें तथा त्रुटिपुर्ण परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण की स्थिति में विभागाध्यक्ष / प्राचार्य दोषी माने जाऐगें।

महाविद्यालय / विभाग द्वारा परीक्षा प्रपत्र ऑनलाईन सत्यापन हेतु निर्देश

विश्वविद्यालय के को वेबसाईट jpv.ac.in पर जाएँ, उपलब्ध कराये गये User Id एवं Password का प्रयोग करते हुए Portal पर Login करें। उसके उपरांत दिए गए निर्देश का पालन करते हुए परीक्षार्थियों द्वारा online भरे गये परीक्षा प्रपत्र का सत्यापन से संबंधित प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक भरें। यदि परिक्षार्थीयों द्वारा किसी प्रकार की कोई गलत प्रविष्टि की गई है तो उस त्रुटि के सुधार के उपरांत ही परीक्षा प्रपत्र Submit करेंगे। यदि कोई परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शमिल होने लिए योग्य नही है तो अपनी टिप्पणी के साथ परीक्षा प्रपत्र को अस्वीकृत करेंगे और संबंधित परीक्षार्थी को सूचित करेंगें। किसी तरह की त्रुटि पाये जाने पर रद्द किये गये परीक्षा प्रपत्र से संबंधित भुगतान किए गए परीक्षा शुल्क की राशि किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा लौटाया नही जाएगा।

सत्यापन प्रक्रिया के पूर्ण होने उपरांत Verified Exam Form Tab पर सत्यापित किये गये सभी परीक्षार्थियों का विवरण मौजूद रहेगा। परीक्षार्थियों की सूची Portal पर Download करेंगें एवं महाविद्यालय / विभाग में परीक्षार्थियों द्वारा जमा किये गये परीक्षा प्रपत्र से मिलान के उपरांत ही विवरणी के साथ सत्यापित परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह0 / –
(डॉ0 दिलीप कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : C/E-1223 दिनांक : 10/04/2024

प्रतिलिपि :-

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण पदाधिकारी / लोक सूचना पदाधिकारी / नोडल पदाधिकारी / वित्त परामर्शी / वित्त पदाधिकारी / प्रसाखा पदाधिकारी एवं सहायक,पंजीयन शाखा / भंडारपाल / परीक्षा सहायक / वेबसाईट प्रभारी / कुलपति / प्रति–कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

DKumar 10/04/2024
परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

10/04/24